आकाशवाणी श्री विजयपुरम

18.10.2026 समय : 1905

1. केंद्र सरकार ने कैंसर के मरीजों को राहत देने के लिए 137 दवाओं की कीमतें कम करने का फैसला किया है।

2. डिग्लीपुर में मेरा युवा भारत ''नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

3. विम्बर्लीगंज में विषेश आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूल प्रतियोगिता का समापन हो गया है।

4. पर्यटन निदेशालय की ओर से प्रोफेशनल शेफ अपस्किलिंग कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

<><><><><><><><>

केंद्र सरकार ने कैंसर के मरीजों को राहत देने के लिए 137 दवाओं की कीमतें कम करने का फैसला किया है। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण ने इन दवाओं पर दुकानदारों और वितरकों के मुनाफे की सीमा तय की है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के अनुसार, इस कदम से इन दवाओं की अधिकतम खुदरा कीमतों में 70 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। नई कीमतें अगले महीने की 9 तारीख से लागू होंगी। दवा दुकानों और अस्पतालों को कम कीमत पर दवाएं बेचनी होंगी और नई कीमतों की सूची भी प्रदर्शित करनी होगी। मरीज, दवाओं की नई कीमतें फार्मा सही दाम ऐप और प्राधिकरण की वेबसाइट पर देख सकते हैं। राज्य के औषधि नियंत्रक यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी कंपनियां, दुकानदार और अस्पताल नए नियमों का पालन करें। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य कैंसर का इलाज सस्ता करना और मरीजों को दवाएं आसानी से उपलब्ध कराना है। इससे पहले, वर्ष 2019 में भी कैंसर की 42 दवाओं पर व्यापारिक मुनाफे की सीमा तय की गई थी। उस समय 526 ब्रांड की दवाओं की अधिकतम खुदरा कीमतों में 90 प्रतिशत तक की कमी की गई थी।

<><><><><><><><>

डिग्लीपुर में मेरा युवा भारत ''नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत'' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर उप शिक्षा अधिकारी डॉ. पी. पुष्पावल्ली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने समाज को नशामुक्त बनाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों, शिक्षकों, अभिभावकों और युवाओं की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। इस दौरान युवाओं को प्रेरित करने के लिए नुक्कड़ नाटक, लोकगीत, नृत्य, पेंटिंग और स्लोगन राइटिंग जैसी कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत के जिला युवा अधिकारी आतिश गोपीचंद खोबरागड़े, खेल सहायक पर्यवेक्षक अमरीक सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

<><><><><><><><>

टीबी के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और इसके खिलाफ लड़ाई में सक्रिय सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हाल ही में डिगलीपुर सहायक आयुक्त के नेतृत्व में केरलापुरम और शिबपुर ग्राम पंचायतों में जागरूकता रैलियों का आयोजन किया गया। रैलियों को संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधानों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें एनसीसी कैडेट्स, पंचायत और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ–साथ आम जनता ने भी हिस्सा लिया। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से डिगलीपुर की टीबी मुक्त आठ ग्राम पंचायतों को कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया है। इसके अतिरिक्त, इस अभियान के अंतर्गत संभावित टीबी रोगियों की जांच के लिए टीबी इकाई द्वारा गोपाल नगर, बीच डेरा, चिप्पो, कृष्णा नगर और बर्माचाढ़ में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन भी किया गया।

<><><><><><><><>

विम्बर्लीगंज में विषेश आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूल प्रतियोगिता का समापन हो गया है। विम्बर्लीगंज मिनी स्टेडियम में आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से आए कुल 70 छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ इन्डोर और आउटडोर खेलों में भाग लिया। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि फरारगंज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरगिस अनवर ने समावेशी खेलो के आयोजन के लिए समग्र शिक्षा और खंड परियोजना कार्यालय के इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर क्षेत्र के पंचायत प्रधान, वेंकट राम बाबू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को पदक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन समारोह कल आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज निदेशक डॉ अपूर्व शर्मा ने अपने संबोधन में सामुदायिक भागीदारी, स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और टिकाऊ स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में अभियान की उपब्धियों पर एक वीडियो प्रस्तुति भी दिखाई गई। इस अवसर पर फरारगंज और प्रातरापुर ब्लॉक के दस उत्कृष्ट सफाई मित्रों को उनके समर्पित सेवा के लिए सम्मानित भी किया गया। इसके साथ ही स्कूलों में आयोजित ''फॉर वेज सेग्रिगेशन'' और ''क्लीन एंड ग्रीन विलेजस'' प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों, ब्लॉक स्तरीय पदाअधिकारी और निदेशालय के कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रादेशिक कांग्रेस कमेटी के चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष टी.एस.जी. भास्कर ने बाराटांग के नाव मालिकों से मुलाकात की। इस दौरान नाव मालिकों ने दैनिक काम काज और आजीविका से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और चुनौतियों से उन्हें अवगत कराया। श्री भास्कर ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा। इस बैठक में उनके साथ क्षेत्र के पूर्व प्रधान रॉय जॉर्ज, पार्षद वाई. जोगा राव, पार्टी नेता ईश्वर राव और कई अन्य लोग उपस्थित थे।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से एम एस एम ई प्रदर्शन में वृद्धि और तेजी पर्यटन पहल, 2026–27 के तहत प्रोफेशनल शेफ अपस्किलिंग कार्यक्रम के लिए इच्छुक युवाओं, खान–पान की दुकानों, होटलों, रेस्तरां संचालकों और स्वयं सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में, निर्धारित प्रारूप निदेशालय के योजना अनुभाग में उपलब्ध है। आवेदक 30 अक्टूबर दोपहर तीन बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकते है या गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से भी भरा जा सकता है।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, की ओर से जारी नवीनतम दिशा–निर्देशों के अनुसार, विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद–2027 के तहत निबंध जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 22 अक्टूबर कर दिया गया है। विकसित भारत यंग लीडर्स संवाद–2027 के प्रश्नोत्तरी चरणों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में से कुल 1,320 प्रतिभागियों का निबंध के लिए चयन किया गया है। द्वीपसमूह के प्रतिभागियों को विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के तहत द्वीपसमूह को दिए गए विषय 'नीली अर्थव्यवस्था, मानव पूंजी और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता' पर 500 शब्दों का निबंध जमा करना होगा। सभी पात्र प्रतिभागियों को माय भारत पोर्टल के माध्यम से अपने निबंध जमा करने होंगे।

<><><><><><><>

कृषि निदेशालय ने 'रेजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस' कार्यक्रम के ANI–12 – कौशल विकास हस्तक्षेप के तहत प्रस्तावित विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए इच्छुक किसानों, नर्सरी मालिकों, गैर–सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, किसान उत्पादक संगठनों के सदस्यों और स्वयं सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति 31 अक्तूबर तक अपने संबंधित क्षेत्रीय कृषि कार्यालय या सहायक कृषि निदेशक के पास आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी क्षेत्रीय कृषि कार्यालय या कृषि निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>